तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 5 जनवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 ठाकुर अनुकूलचंद्र के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत



12 हिंदुत्व कोई संकीर्ण अवधारणा नहीं, बल्कि एक व्यापक ...



## खबर संक्षेप

### परसुली में मड़ई कल

**धमतरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम परसुली में 6 जनवरी मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन हेतु चिखली अंबागढ़ चौकी का नाचा प्रोग्राम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्ववर निषाद , सचिव तोरण निषाद, उपाध्यक्ष मेघनाथ साहू ने दी।

### कानीडबरी में 6 को मड़ई

**धमतरी।** समीपस्थ ग्राम कानीडबरी (लक्ष्मीपुर) में ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में 6 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य में रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए माटी के सिंदूर छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम क्यूटाकसा मानपुर मोहला राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 8 जनवरी गुरूवार को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन (तहसील कार्यालय के पास) धमतरी में आयोजित की गई है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन, नववर्ष मिलन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, लक्ष्मणराव मगर, होलाराम परिहा ने की है। यह जानकारी सचिव ईश्वरी दयाल साहू ने दी है।

### छाती में कबीर सत्संग समारोह 10 से

**पुरी।** ग्राम छाती में ज्ञान यज्ञ कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। इस आयोजन में संत गुरुभूषण साहेब सूरत गुजरात, पवन साहेब दर्रा, संत अनुकरण साहेब, कबीर जागू आश्रम सेनचुवा शामिल होंगे। यह जानकारी अमी साहू, भूषणलाल साहू, राजेंद्र दास साहू, हेमंत सेन ने दी।

### 18 को होगी लीलर मड़ई

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम लीलर में 18 जनवरी रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी महतारी के मया चिखली बांधाबाजार मानपुर मोहला अम्बागढ़ चौकी का कार्यक्रम होगा। तैयारी में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामीण अध्यक्ष अगस्त नेताम, उपाध्यक्ष चित्रसेन सिन्हा, कोषाध्यक्ष कीर्तन दीवान, सचिव कल्याण नेताम, महेश्वर नेताम, चैनू सोरी, देवचरण दीवान, संतोष धृतलहरे, रवि बंजारे, खिलावन नेताम जुटे हैं।

### सलोनी स्कूल में वार्षिक उत्सव 6 से

**कुकरेल(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलोनी में 6 जनवरी से वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अनीता ध्रुव होंगी। अन्य अतिथि वामन देव साहू पूर्व जनपद सदस्य होंगे। द्वितीय दिवस 7 जनवरी को सांस्कृतिक एवं बौद्धिक कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि अजय ध्रुव जिला पंचायत सदस्य होंगे। अध्यक्षता सियाराम साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती चंद्रकला साहू जनपद सदस्य नगरी होंगी। समापन 8 जनवरी गुरुवार को प्रातः 11 बजे होगा। मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती चंदन ध्रुव ग्राम पंचायत सलोनी होंगी। अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष दानीराम नागेश सलोनी करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती अर्चना नेताम प्राचार्य हाई स्कूल छुही होंगी। यह जानकारी प्राचार्य वीरेन्द्र श्रीवास्तव ने दी।

## नए वर्ष से गंगरेल में आया बूम, चार दिन में लाखों पर्यटक पहुंचे

# नजरों को मिल रहा है नजारा गंगरेल पर्यटन रहा गुलजार





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नए साल के साथ गंगरेल पर्यटन गुलजार है। रोजाना हजारों पर्यटक गंगरेल पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन द्वारा आयोजित न्यू ईयर फेस्ट के आखिरी दिन रविवार को लोगों ने संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में एडवांस बुकिंग जारी है। इंदौर, नागपुर, विशाखापटनम, रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव सहित विभिन्न राज्यीय एवं अतर्राज्यीय सैलानी नाइट स्टे कर रहे हैं। इधर ठेमली आईलैंड में पाथवे निर्माण के लिए सफाई कार्य जारी है।

गंगरेल बांध इन दिनों लबालब पानी भरे होने के साथ प्राकृतिक सौंदर्य से सराबोर है। गंगरेल में ग्रास कैपेसिटी जलभराव 31.284 टीएमसी तथा उपयोगी पानी 26.213 टीएमसी है। यहां बांध की क्षमता का 96.79 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। रायुपर से पहुंचे जय वैष्णव बताते हैं कि गंगरेल पर्यटन के लिए सपरिवार पहुंचे हैं। वाटर स्पोर्टस में स्पीडबोट और जेस्की का आनंद लिया। उन्होंने बताया कि इससे पहले जब भी गंगरेल पहुंचते थे तब बांध में पानी कम रहता था। इस बार बांध लबालब होने के साथ यहां का प्राकृतिक नजारा बेहद खूबसूरत है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित न्यू ईयर फेस्ट आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### ठेमली आईलैंड में दो किमी पाथवे बनेगा

गंगरेल बांध में स्थित ठेमली आईलैंड को विकसित करने का कार्य जारी है। डिप्टीरेंजर राकेश तिवारी बताते हैं कि प्रथम चरण में ठेमली आईलैंड में करीब एक करोड़ की लागत से पाथवे, टॉवर आदि बनाया जाना है। करीब 15 मजदूर आईलैंड के चारों तरफ पाथवे निर्माण के लिए साफ- सफाई कार्य कर रहे है। गोल पाथवे की लंबाई करीब 2000 मीटर है। तीन, चार दिन रूककर यहां मजदूर काम कर रहे हैं। पाथवे तीन मीटर चौड़ा बनेगा।

### मानववन स्थित नर्सरी में बनेगा 35 लाख रूपए की लागत से हर्बल गार्डन

मां अंगारमोती परिसर में हर्बल गार्डन के विरोध के चलते अब हर्बल गार्डन मानव वन स्थित नर्सरी में बनाया जाएगा। डिप्टी रेंजर श्री तिवारी ने बताया कि 35 लाख रूपए की लागत से औषधि गार्डन का निर्माण किया जाएगा। 490 रनिंग मीटर वाले इस औषधि गार्डन में भ्रमण के लिए पाथवे का निर्माण होगा। यहां हर्रा, बेहड़ा, आंवला सहित करीब 60 प्रजाति के औषधि पौधे लगाए जाएंगे।

# नशा से मुक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है सत्संग : गिरी बापू

- कर्णेश्वर धाम नगरी सिहावा जाते समय धमतरी में रूके, पत्रकारों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त शिव महापुराण कथावाचक पूज्य श्री गिरी बापू महाराज इन दिनों छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। कर्णेश्वर धाम नगरी सिहावा जाते समय धमतरी में बिपीन भाई पटेल के निवास पर रुके, जहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने सनातन धर्म, अध्यात्म और युवाओं की भूमिका पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

पूज्य गिरी बापू जी महाराज ने कहा कि पहले की तुलना में अब भागवत कथा, शिव महापुराण और सत्संगों में युवाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। आज का युवा अध्यात्म की ओर आकर्षित हो रहा है, क्योंकि अध्यात्म ही जीवन का सबसे बड़ा मोटिवेशन है। उन्होंने कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से युवाओं को बचाने के लिए कथा, सत्संग और धर्म का मार्ग सबसे प्रभावी उपाय है।

धर्मांतरण के विषय पर महाराज ने स्पष्ट कहा कि सनातन धर्म सृष्टि के आरंभ से ही प्रवाहमान है। भारत



मूल रूप से हिंदुओं का राष्ट्र रहा है और आगे भी रहेगा। अब देश में जागरूकता आई है, जिसके कारण धर्मांतरण की घटनाएं पहले की तुलना में कम हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र की भावना जन-जन में है, केवल औपचारिक घोषणा शेष है।

महाराज जी ने युवाओं से सनातन धर्म के मूल्यों को अपनाने, पर्यावरण संरक्षण करने और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता की प्रेरणा, समाज के कर्तव्य और साधु-संतों के मार्गदर्शन से युवा सही दिशा में आगे बढ़ सकते हैं और देश के विकास में योगदान दे सकते हैं।

धमतरी आगमन पर पूज्य गिरी बापू जी महाराज का पुष्पगुच्छ, नारियल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विपिन भाई पटेल के परिवारजन, गुजराती समाज सहित विभिन्न समाजों के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि कर्णेश्वर धाम देउरपारा नगरी में 5 से 13 जनवरी तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें पूज्य गिरी बापूजी महाराज कथा व्यास के रूप में भक्तों को शिव भक्ति का रसपान कराएंगे।

# चने की फसल पर खराब मौसम का साया

- कीट प्रकोप के डर से किसान कर रहे दवा का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पश्चिमी विक्षोभ के असर से आसमान पर बादल छाए हुए हैं। इस मौसम को देखकर किसानों की नींद उड़ी हुई है। अधिकांश किसानों ने चने की फसल लगाई है। दूसरी बार सिंचाई चल रही है। ऐसे में यदि बारिश होती है तो किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। यही नहीं कीट प्रकोप का खतरा भी बढ़ गया है।

इस साल किसानों ने प्रशासन की सलाह पर बड़े पैमाने पर चना, गेहूं की फसल लगाई है। बोनी के माह भर बाद अब किसान फसल में दूसरी सिंचाई कर रहे हैं। उधर मौसम ने करवट ली है। दो दिन से आसमान पर बादल नजर आ रहे हैं। मौसम में थोड़ी गर्माहट बढ़ी है। इस मौसम ने किसानों की नींद उड़ा दी है। किसान गिरधर साहू, मूलचंद साहू, कृष्णा साहू ने बताया कि चना एवं अन्य उन्हारी फसल ज्यादा पानी नहीं झेल पाते हैं। इस कारण वे सीमित मात्रा में सिंचाई कर रहे हैं। अभी खेत गीले हैं और सिंचाई का काम चल रहा है। ऐसे में थोड़ी भी बारिश होती है तो किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि ज्यादा पानी होने से पौधों की बढ़वार प्रभावित होती है। जड़ें सड़ने लगती हैं और उत्पादन काफी कम हो जाता है।

### कीट प्रकोप का खतरा

किसानों ने बताया कि पहले ही वे उकठा रोग से परेशान हैं, जिसमें पौधे अपने आप मर रहे हैं। इस बीमारी का कोई ठोस उपाय नहीं है। अब मौसम खराब होने से कीट प्रकोप का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। किसान सावधानी के तौर पर अभी से दवा का छिड़काव कर रहे हैं। कुछ किसान दवा के साथ खाद व टॉनिक आदि का छिड़काव कर रहे हैं।

### तापमान में गिरावट का अंदेशा

फिलहाल बादल के चलते मौसम में गर्माहट बढ़ गई है। मौसम विभाग की माने तो यह मौसम दो तीन दिन तक रह सकता है। इस दौरान तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम खुलने पर घना कोहरा छाए रहने का अंदेशा है। अच्छी खबर यह है कि मौसम विभाग ने बारिश को लेकर कोई चेतावनी जारी नहीं की है। केवल कुछ दिनों तक बादल छाए रहेंगे।

# सरकारी जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण



धमतरी। जलविहार कॉलोनी गली नंबर 3 में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। यह क्षेत्र धरसा रोड के 40 फीट चौड़े मार्ग पर स्थित है, जो ग्राम रुद्री और ग्राम करेठा की सीमा का विभाजन करता है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां पहले कोटवार की जमीन और शासकीय मार्ग दर्ज है, लेकिन अब उस पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि लगातार नए निर्माण कार्य किए जा रहे हैं और सड़क की चौड़ाई को भी कम किया जा रहा है। एक व्यक्ति द्वारा लगभग 2000 वर्गफीट सरकारी जमीन पर कब्जा कर मकान और बाड़ी बनाकर रहने की बात भी सामने आई है। कॉलोनीवासियों ने जिला प्रशासन, संबंधित विभाग और ग्राम पंचायत से मांग की है कि सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए ।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना


हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।

नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

॥ प्रथम पुण्यतिथि ॥

बिछड़ गए हो बीच राह में, दिलों से जा नहीं पाओगे।
आंखों में आंसू है गम के... उम्र भर याद आओगे।।



जन्मतिथि 16.03.1957
स्वर्गवास 05.01.2025

स्व. श्री प्रवीणचंद्र पुरूषोत्तम दास पटेल
के प्रथम पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

श्रद्धानवत्
बिपीनचंद्र पुरूषोत्तम दास पटेल (भाई)
विवेक बिपीनचंद्र पटेल, निशीत बिपीनचंद्र पटेल (भतीजा)
डॉ. जय पटेल, भाविक पटेल (पुत्र)
पी.डी. एण्ड कंपनी तथा समस्त पटेल परिवार धमतरी

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक जीवन में मर्यादाओं के विपरीत आचरण स्वीकार्य नहीं : विजय

**धमतरी।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा उपमुख्यमंत्री अरुण साव पर की गई टिप्पणी को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा



गया है। टिप्पणी में उपमुख्यमंत्री की तुलना बंदर से किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित साहू समाज के लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इस मामले में नगर निगम के लोक निर्माण विभाग सभापति विजय मोटवानी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री मोटवानी ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में मर्यादा और संयम अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार की स्तरहीन टिप्पणी न केवल राजनीतिक शुचिता के खिलाफ है, बल्कि सामाजिक सौहार्द्र को भी ठेस पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आचरण की एक लक्ष्मण रेखा होती है, जिसका पालन सभी जनप्रतिनिधियों को करना चाहिए। उन्होंने भूपेश बघेल की टिप्पणी को अमर्यादित और निंदनीय बताते हुए उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। साथ ही भविष्य में इस तरह की भाषा का प्रयोग न करने का आश्वासन देने की भी अपील की। श्री मोटवानी ने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो भाजपा कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### मड़ेली में दिव्य राम कथा का आयोजन 9 से

**जीजामगांव।** ग्राम मड़ेली में 9 से 11 जनवरी तक दिव्य रामकथा आयोजित है। कथावाचक मानस केशरी प्रमोद शास्त्री बेमेतरा होंगे। प्रतिदिन 12 से 2 बजे तक रामायण का आयोजन होगा एवं संध्या 6 से 8 बजे तक जय तुलसी रामधुनी मंडली मड़ेली की प्रस्तुति होगी।

स्व. इतवारी राम चिंडा के सम्मान की उम्मीद अधूरी

# भूदान के बावजूद नहीं हुआ नामकरण

- 391 छात्रों के स्कूल में अच्छी सुविधाओं के बीच भी नामकरण और स्टाफ की कमी बनी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी








ग्राम फरसियां में अपने पूर्वज स्व. इतवारी राम चिंडा की स्मृति में लगभग 1.10 एकड़ पैतृक भूमि दान करने वाले कोमल और अनुज कश्यप की यह कोशिश शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को सम्मान दिलाने की थी। लेकिन 2016 में भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद भी अब तक विद्यालय का नाम नहीं रखा गया।

शासकीय भूमि उपलब्ध न होने के कारण विद्यालय का भवन उक्त निजी भूमि पर ही निर्मित किया गया। वर्तमान में इस हायर सेकेंडरी स्कूल में लगभग 391 छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं। भवन की सुविधाएं बहुत अच्छी हैं और पढ़ाई भी बेहतरीन ढंग से हो रही है।

हालांकि, स्कूल में प्रेयर कक्षा और अतिथि शिक्षक की कमी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, जिसे शिक्षकों ने भी बताया है।

भू-दानदाता परिवार ने कई बार शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को लिखित एवं मौखिक रूप से इस विषय से अवगत कराया। जून 2025 में आयोजित महानदी मां अभियान के दौरान भी पुनः आवेदन सौंपा गया, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इससे आहत होकर परिवार और क्षेत्रवासियों में नाराजगी व्याप्त है। विद्यालय प्रबंधन समिति और आसपास के ग्रामों के पालकों को भी इस असमंजस का सामना करना पड़ रहा है। भू-दानदाता परिवार ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र नामकरण नहीं हुआ, तो वे शाला प्रबंधन समिति और पालकों के साथ मिलकर आंदोलन और तालाबंदी करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## सिहावा में श्रद्धा से मनाई गई शाकंभरी जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम सिहावा में श्रृंगी ऋषि आश्रम के नीचे कोसरिया मरार पटेल समाज के तत्वावधान में शाकंभरी जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस थे। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा मां शाकंभरी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री बैस ने मां शाकंभरी से समाज और ग्राम के सतत विकास की कामना की। उन्होंने सामाजिक एकता, परंपरा और संस्कृति को सहेजने का संदेश दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश व सिहावा राज संरक्षक अमर सिंह पटेल, कोसरिया मरार पटेल समाज के अध्यक्ष कन्हैया लाल कौशल, कर्णेश्वर महादेव ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, जनपद सभापति श्रीमती प्रेमलता नागवंशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## स्कूल बेहतर होंगे तो गांव का भविष्य भी उज्ज्वल होगा

- विजयदीप फाउंडेशन ने खिसोरा स्कूल के बच्चों को तेरह हजार की पाठ्य सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

कुरूद कॉलेज के प्रोफेसर अपने गांव के सरकारी स्कूल के बच्चों की शिक्षा के लिए दान किए 13,000 रुपये की पाठ्य सामग्री वितरित की।



संतगुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के प्रोफेसर विजय दीप ने अपने गांव के बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए एक अनूठी पहल की है। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला खिसोरा के बच्चों को 13 ,000 रुपये से भी अधिक राशि की कॉपी, पेन, जूता और अन्य जरूरी सामग्री भेंट की है। उन्होंने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य गांव के बच्चों की शिक्षा में मदद करना, संसाधनों की कमी को दूर करना, स्कूलों के माध्यम से गांव के भविष्य को उज्ज्वल बनाना, समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिये उनके द्वारा विजय दीप फाउंडेशन की स्थापना की गई है।

फाउंडेशन के संस्थापक प्रोफेसर विजय दीप ने कहा किसी भी गांव का भविष्य वहां के विद्यालयों की चारदीवारी में तैयार होता है। इसलिए हमें अपने गांव के स्कूलों में सबसे अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि स्कूल बेहतर होंगे तो गांव का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। सरपंच श्रीमती राखी साहू ने कहा कि विजय दीप फाउंडेशन का यह प्रयास शिक्षा की अलख जगाने की दिशा में एक अनुकरणीय पहल की है। यह प्रयास बच्चों को न केवल शिक्षा और विद्यालय से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, अपितु विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने वाला भी साबित होगा। इस मौके पर अधिकारी कर्मचारी संगठन द्वारा बच्चों को पृथक से मोजे भी प्रदान किए गए।

इस पुनीत कार्य के लिए प्राथमिक शाला खिसोरा की प्रधानपाठक लता साहू और शिक्षक हरिशंकर पटेल ने फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारी संगठन खिसोरा के अध्यक्ष उत्तम साहू, सदस्य महेंद्र पटेल, जितेंद्र पटेल, ऋषि पटेल, सेवानिवृत प्रधा पाठक तिलक राम पटेल सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित थे।

गोंडवाना समाज सेवा समिति ने किया पुनः सामाजिक समावेश

## धर्मांतरित परिवार की मूल धर्म में हुई वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पालगांव निवासी जालसू राम सलाम, स्व. श्यामलाल सलाम की पत्नी कुंती बाई तथा उनके पुत्र भरत एवं शत्रुघ्न ने स्वेच्छा से अपने मूल गोंडी धर्म में वापसी की। उल्लेखनीय है कि उक्त परिवार विगत वर्ष धर्मांतरित हुआ था, किंतु आत्ममंथन के उपरांत उन्होंने अपने पारंपरिक एवं मूल धर्म में लौटने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर गोंडवाना समाज सेवा समिति, उपक्षेत्र दुगली के तत्वावधान में 3 जनवरी को ग्राम पालगांव में बैठक रखी गई जिसमें सामाजिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए परिवार का निःशुल्क समाज में पुनः समावेश किया गया।



बैठक में गोंडवाना समाज सेवा समिति उपक्षेत्र दुगली के अध्यक्ष मायाराम नागवंशी, संरक्षक बिछल सिंह मरकाम, फलेंद्र मंडावी, हरक मंडावी, शत्रुघ्न साक्षी, अशोक साक्षी, सोमनाथ नेताम, मानकी बाई कुंजाम, कलावती मरकाम, बंशीलाल शोरी, बुधराम नेताम, भावसिंह, जालसू कुंजाम, आनंद राम मांडवी, बलराम मंडावी, रामलाल तुमरेटी सहित अन्य सामाजिकजन उपस्थित थे। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि समाज सदैव अपने परंपरागत मूल्यों, संस्कृति एवं एकता को सशक्त बनाए रखने हेतु प्रतिबद्ध है तथा स्वेच्छा से लौटने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सम्मानपूर्वक स्वागत किया जाएगा।

## नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस प्रशासन एवं विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के संयुक्त सहयोग से घड़ी चौक पर सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा। अभियान के दौरान लोगों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के प्रति जागरूक किया गया तथा



सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु पांपलेट वितरित किए गए। नागरिकों को हेलमेट पहनने के लाभ, यातायात नियमों की जानकारी और सड़क पर सुरक्षित चलने के उपाय समझाए गए, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस जन-जागरूकता अभियान में पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य मौजूद थे।

इस अभियान के सफल संचालन में आकाशगिरी गोस्वामी, शिवा प्रधान, लोकेश साहू, खोमनलाल साहू, लक्ष्मी नारायण, डुमन साहू, प्रेमशंकर चौबे, मोहनी साहू, शमीना अंजुम, भारती साहू, ऋतु प्रधान, भारती सोनी, भावना मरकाम, खिलेश्वर साहू, लक्ष्मी सोनी, देवश्री जोशी, रूबी कुर्रे, तन्नू साहू, रेखा साहू, कोतिमा यदु, नूतन वर्मा एवं विकास सोनी की सहभागिता रही।

## छेरछेरा पर मुचकुंद ऋषि बाल मंडली ने मांगा अन्नदान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर के डोंगरीपारा, मेचका क्षेत्र में मुचकुंद ऋषि बाल मंडली द्वारा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक परंपरा छेरछेरा का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के युवाओं एवं बाल मंडली के सदस्यों ने घर-घर जाकर लोगों के दरवाजों पर छेरछेरा गीत गाते हुए अन्नदान की मांग की। बाल मंडली द्वारा पारंपरिक स्वर में छेड़छेरा माई, कोठी के धान ला



हेर-हेरा का गायन किया गया, जिससे पूरे मोहल्ले में लोकसंस्कृति का रंग बिखर गया। ग्रामीणों ने भी उत्साह के साथ धान, चावल एवं अन्य अन्न देकर इस परंपरा में सहभागिता निभाई।

इस कार्यक्रम में वशिष्ठ मरकाम कोषाध्यक्ष, देवीसिंह अध्यक्ष, प्रदीप नेताम सचिव सहित संतोष नेताम, संजय नेताम, हेमंत नाग, अजय, दीपक, गोपाल, धनेंद्र, सोपसिंह, मुकेश नेताम, प्रेमलाल, बिंदेश्वर, हेमन ओटी, खेमन, पंकज, भूपेंद्र, खिरभान शामिल रहे। इस कार्यक्रम ने सामाजिक एकता, सहयोग एवं छत्तीसगढ़ी लोक परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया।

## नव वर्ष पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम उमरगांव में नववर्ष पर जयश्री राम जानकी युवती संगठन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। दर्शक छत्तीसगढ़ी गीत, कर्मा, बस्तरिया गीत पर झूम उठे एवं आतिश बाजी के बधाईयां दी। कार्यक्रम में मोहन पुजारी, लीलांबर सूर्यवंशी, रोमेश साहू, देवेंद्र सेन, लखन पुजारी, मंशा सोम, आरडी मानिकपुरी, कमलनारायण, नरोत्तम पटेल, धर्मेंद्र पटेल समेत अन्य मौजूद थे।



## छेरछेरा पर्व पर बांटा गया हलवा



**नगरी।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व छेरछेरा के अवसर पर राजाबाड़ा गांधी चौक में सामाजिक सद्भाव एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर मनोज कुमार साहू द्वारा हलवा प्रसाद का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में सोमनाथ देवांगन, कुलदीप देवांगन, भैरवचंद देवांगन, हीरालाल देवांगन, पलक देवांगन, परिधि देवांगन, प्रणव देवांगन, भावेश, पूर्वी, जयकुमार, येश कुमार, झुमन सोम, फलेन्द्र साहू, रमन सोनी मौजूद थे।

## टेंगना स्कूल के छात्रों ने छेरछेरा पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला टेंगना के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली छात्र-छात्राओं ने एक दिन पूर्व छेरछेरा पर्व उत्साह पूर्वक मनाया । पालकों ने छेरछेरा पर्व का महत्व बताते हुए अन्नदान किया। प्रधानपाठिका ममता प्रजापति ने बालिकाओं को लोक पारंपरिक पोशाक पहनाकर लोक गीत सिखाया। बालिकाओं ने ग्राम भ्रमण के दौरान मनमोहक नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। शिक्षक संतोष



बांधव ने बताया कि छेरछेरा पर्व छत्तीसगढ़ का प्रमुख लोकपर्व है। इस दिन किसान नई फसल आने की खुशी में अन्नदान करते हैं। इस दिन सुबह से माई कोठी के धान ला हेर हेरा लोकगीत की आवाज शाम तक गूंजती रही।

मौके पर जन भागीदारी अध्यक्ष खम्हनलाल मरकाम, प्रधानपाठक मनोज कुमार गंजीर, ममता प्रजापति, संतोष बांधव, यतींद्र गौर, टिकेंद्र कंवर, सौरभ वैदे, अनीता कश्यप, लक्ष्मी ध्रुव उपस्थित थे।

श्रृंगी ऋषि हाईस्कूल नगरी का एलुमिनी मीट 18 जनवरी को, तैयारियां तेज

## 1970 से 2010 बैच तक के भूतपूर्व विद्यार्थी एक मंच पर दिखेंगे

- आयोजन को सफल बनाने छह समितियों का गठन, जिम्मेदारियां तय

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पीएमश्री शासकीय श्रृंगी ऋषि हाईस्कूल नगरी में एलुमिनी मीट 2026 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में 4 जनवरी को शाला विकास समिति के अध्यक्ष कमल डागा की अध्यक्षता में विद्यालय परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 1970 से 2010 बैच तक के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के मिलन समारोह को ऐतिहासिक और यादगार बनाने पर चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एलुमिनी मीट का आयोजन 18 जनवरी को श्रृंगी ऋषि हाईस्कूल नगरी परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर हजारों की संख्या में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 10 जनवरी तय की गई है। कार्यक्रम से संबंधित सभी सूचनाएं केवल पंजीकृत सदस्यों को पंजीयन कार्ड अथवा व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी।



आयोजन को सफल बनाने छह समितियों का गठन किया गया। पंजीयन समिति की जिम्मेदारी विक्की खनूजा, पेमन स्वर्णबेर, ललित शर्मा, विनय नाग, आनंद देवांगन एवं गोपी कश्यप को सौंपी गई है। आयोजन समिति अध्यक्ष कमल डागा के नेतृत्व में गठित की गई, जिसमें नागेन्द्र शुक्ला, विमल मिश्रा, डोमार सिंह ध्रुव, रिखब सोनी, विकास बोहरा, अशोक संचेती, जियाउद्दीन रिज़्वी, बलजीत छाबड़ा, भानेन्द्र सिंह ठाकुर, आरके प्रजापति एवं अजय नाहटा शामिल हैं।

स्वागत समिति में पेमन स्वर्णबेर, प्रतीक छाजेड़, विक्की खनूजा, श्रीमती चेलेश्वरी साहू, श्रीमती प्रभा साहू, श्रीमती ममता खालसा, ललित शर्मा, विनय नाग एवं वसंत हिरवानी को शामिल किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति में वसंत हिरवानी, अजय छाजेड़, विमल मिश्रा, गोपी कश्यप एवं विनय नाग हैं। भोजन व्यवस्था समिति की जिम्मेदारी अंकित संचेती, सचिन भंसाली, दीनदयाल यादव, अनवर रजा,नीलम ढेलड़िया एवं दीपक शर्मा को दी गई है। वहीं आवास व्यवस्था समिति में तुलसी साहू, देवेंद्र भारती, सुरेश संचेती, माखन सिन्हा, रूपेश छाजेड़, दीपक शर्मा, जसपाल खनूजा एवं यतीन्द्र साहू शामिल हैं।

अध्यक्ष श्री डागा ने कहा कि एलुमिनी मीट भूतपूर्व छात्र-छात्राओं को एक मंच पर जोड़ने का सुनहरा अवसर होगा, जहां वे अपने स्कूल जीवन की यादों को साझा कर सकेंगे।

## आंगनबाड़ी केंद्र डीहीपारा में लगी सुपोषण चौपाल

**नगरी।** आंगनबाड़ी केंद्र डीहीपारा नगरी में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया था जिसका विषय आकांक्षा वृक्ष था। इस दौरान बच्चों के विकास एवं वृद्धि के बारे में जानकारी दी गई कि जिस प्रकार एक पौधे को वृक्ष बनाने में अच्छी मिट्टी, जल, नियमित देखरेख की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार बच्चों के विकास में टीकाकरण, नियमित वजन, खान-पान, स्वच्छता की आवश्यकता होती है। साथ ही आकांक्षा वृक्ष बनाया गया। पालकों को ड्राइंग शीट में आम की आकृति का कट आउट दिया गया जिसमें पालक अपने बच्चों को जो भी बनाना चाहते हैं वह आम के कट आउट में लिखकर जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक लिखकर आकांक्षा वृक्ष पर चिपकाए।

मौके पर वार्ड क्रमांक 01 के पार्षद राजकुमार पवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ऋषि साहू, दीपमणि ध्रुव, भुवनेश्वरी साहू, दीपिका, पूर्णिमा फुलेश्वरी, नंदिनी, ज्योति किरण विश्वकर्मा, अंबिका चौहान, मनोज चौहान, कन्हैया यादव, आराधना उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### कबड्डी में छोटू क्लब पदमपुर ने मारी बाजी



**नगरी।** सिहावा क्षेत्र के ग्राम चर्रा में जय ठाकुर देव समिति द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि बलजीत छाबड़ा तथा विशेष अतिथि सिरसिदा सरपंच नरसिंग मरकाम, जनपद सदस्य पन्ना मरकाम, पार्षद राजा पवार थे इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री छाबड़ा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी शारीरिक विकास, फुर्ती और अनुशासन का उत्कृष्ट खेल है, जो युवाओं को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतियोगिता में 42 टीमों ने भाग लिया, जिसमें छोटू क्लब पदमपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### प्रमोद बने छग आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश सचिव



**नगरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश आदिवासी कांग्रेस ने अपने नए संगठन पदाधिकारियों के नाम का एलान कर दिया है। सिहावा क्षेत्र के युवा आदिवासी नेता जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम को प्रदेश सचिव बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया एव प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार तथा प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष एव बिंद्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव द्वारा की गई है। प्रमोद कुंजाम की इस नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एव आदिवासी समाज में हर्ष है। नियुक्ति के बाद प्रमोद कुंजाम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जनकराम ध्रुव एंव सिहावा विधायक अंबिका मरकाम का आभार व्यक्त किया है। आगे कहा कि संगठन ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है उसे वे पूरी निष्ठा ,ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

### नववर्ष पर अमलीडीही में हुआ नगर संकीर्तन



**कोर्रा(भखारा)।** वृन्दावन इस्कॉन दुर्ग के सहयोग से ग्राम अमलीडीही में नगर संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन का नेतृत्व तन्मय चैतन्य, ज्ञानू साहू, पुष्कर चैतन्य, हिमांशु साहू, झम्मन साहू, टेमू साहू, कुलदीप साहू, यमन साहू द्वारा किया गया। इस्कॉन दुर्ग से पहुंचे एचजी अनंत श्याम प्रभु, संकीर्तन प्रभु, लवकुश प्रभु सहित अन्य भक्तों ने नगर संकीर्तन का मार्गदर्शन किया। नगर संकीर्तन के दौरान पूरे गांव में हर्षोल्लास का वातावरण देखने को मिला। हरिनाम संकीर्तन से संपूर्ण ग्राम आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत हो उठा। कार्यक्रम के अंत में भगवान श्रीश्री गौर निताई को भोग अर्पित किया गया। मौके पर गोपी साहू, भानु राम, ओमप्रकाश साहू, गुलाप साहू, यंजू साहू, पप्पू साहू, यमन साहू, मनीष साहू, रितेश साहू, हेमा साहू, तिलेश्वरी साहू, उषा साहू, लोकेश साहू, प्रीति साहू, पूर्णिमा साहू, निराशा यादव, सावित्री साहू समेत अनेक भक्त मौजूद थे।

### मड़ाई छत्तीसगढ़ की पारंपरिक धरोहर : गौकरण



**सिर्री।** ग्राम चिंवरी में ग्रामवासियों के सहयोग स इस वर्ष भी मड़ई मेला का आयोजन 1 जनवरी गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, विशिष्ट अतिथि लिली श्रीवास जनपद सदस्य, लेखराम साहू पूर्व विधायक, सरपंच संजीत साहू थे। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि गांवों में फसल कटाई के बाद किसान एवं ग्रामवासी उत्साह के साथ मड़ई का कार्यक्रम रखते हैं। मड़ई छत्तीसगढ़ की पारंपरिक धरोहर है। मड़ई कार्यक्रम के संचालन में अध्यक्ष धनेश्वर साहू, तामेश्वर साहू कोषाध्यक्ष बलीराम साहू, ठाकुरराम पाल, तेजू साहू, महेश साहू, गुरुप्रसाद, संतोष वर्मा का सहयोग रहा। मंच संचालन चंद्रहास साहू ने किया। मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका पायल साहू की छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोककला मंच चिन्हारी लोक मंजीरा की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन जीत लिया। लोक पारंपरिक गीतों ने दर्शकों को गदगद कर दिया।

### कंडेल में रुद्री स्कूल का एनएसएस शिविर प्रारंभ



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्री द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कंडेल स्थित साहू समाज भवन में प्रारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना दीपेन्द्र साहू ने किया। अध्यक्षता सरपंच गिरवर कुमार सार्वा ने की। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती दिनेश्वरी साहू, उपसरपंच श्रीमती बसंती साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक जेआर साहू, एमआर कमलवंशी, माखनलाल यादव, योगेश्वर साहू, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती पूर्णिमा बनपेला सहित पंचगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी मोहित राम बनपेला के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के कुल 27 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर का आयोजन 8 जनवरी तक नशा मुक्त समाज के लिए संकल्पित युवा थीम पर किया जा रहा है। शिविर के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तदान, बाल संरक्षण, महिला एवं बाल विकास, पशु चिकित्सा शिविर, बौद्धिक परिचर्चा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर का समापन 8 जनवरी को होगा।

### सेमरा बी की मड़ई पर होगी लहरगंगा की प्रस्तुति

**सिर्री।** ग्राम सेमरा (भखारा) में विगत वर्षों की परंपरा को बनाए रखने ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में 9 जनवरी शुक्रवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य में रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए पुरानिक साहू कृत लहरगंगा ग्राम अर्जुंदा के सांस्कृतिक लोककला मंच की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

---

#### हरदिहा साहू समाज भवन में आध्यात्मिक गुरु का 138वां जन्म महोत्सव मनाया गया

# ठाकुर अनुकूलचंद्र के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







सत्संगी वृंद के तत्वावधान में हरदिहा साहू समाज भवन में रविवार 4 जनवरी को महान आध्यात्मिक गुरु एवं सत्संग आंदोलन के प्रवर्तक ठाकुर अनुकूलचंद्र का 138वां जन्म महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सत्संगी श्रद्धालु उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 5 बजे वेद मांगलिकी के साथ हुई, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। इसके बाद उषा कीर्तन, सामूहिक प्रार्थना तथा श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र के अमिय ग्रंथों का पाठ किया गया। भक्ति संगीत, नगर कीर्तन और संगीतांजलि जैसे कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

प्रातः 11 बजे आयोजित साधारण सभा में वक्ताओं ने ठाकुर अनुकूलचंद्र के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ठाकुर जी का जन्म 14 सितंबर 1888 को बंगाल में हुआ था। वे एक महान समाज सुधारक, आध्यात्मिक गुरु और सत्संग आंदोलन के प्रवर्तक थे। उनका मूल संदेश था जीवन ही साधना है। उन्होंने मानव जीवन को नैतिकता, अनुशासन, सेवा और आध्यात्मिकता से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त किया।

दोपहर 1 बजे भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात संगीतांजलि कार्यक्रम हुआ। दोपहर 2.30 बजे मातृ सम्मेलन तथा शाम 4 बजे शिशु सम्मेलन आयोजित कर मातृशक्ति और बच्चों को संस्कार, नैतिक मूल्यों एवं आदर्श जीवन की शिक्षा दी गई।

संध्या 5.46 बजे सामूहिक प्रार्थना एवं ग्रंथ पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन के दौरान सत दीक्षा एवं डीपी कार्य की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। आयोजकों ने कहा कि ठाकुर अनुकूलचंद्र के विचार आज के समय में समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले अमूल्य प्रेरणास्रोत हैं।

मौके पर विश्वरंजन सरकार, प्रफुल्ल दास, संजू राव, महेंद्र भट्ट, तापस बारुलि, मृत्युंजय कर, कमलेश साहा, तनय बारुलि, प्रदीप पोद्दार, शबीता सुन्दर तालुकदार (एसपीआर), निमाईचंद्र दास (एसपीआर), श्यामल नाग, जाजक कर्मी, उधोराम (एसपीआर), मंगल सरकार, श्यामल बाला, अपूरब, धनंजय सरकार, संगीता सरकार, बनानी पोद्दार, बुलटी दत्ता, सुष्मिता राय, तरुण राय चौधरी, अमिताभ जाना, तारक ओझा, बिराज दत्ता, विकास साहू, विकास दत्ता, भेनू पटेल, हेमंत साहू, सुरेंद्र साहू, डा एसके राय, रीता राय अनीता दत्ता, संतोष कुमार दास, मनोरमा देवांगन उपस्थित थे।

### श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर के श्रीराम मंदिर के सामने महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन इतवारी बाजार में 3 से 12 जनवरी तक श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन शिव चौक निवासी श्रीमती लता मिश्रा परिवार द्वारा स्वर्गीय राधिका प्रसाद मिश्रा की स्मृति में आयोजित किया गया है। कथावाचक लोमेश तिवारी महाराज कोहका राजनांदगांव व परायणकर्ता मनमोहन तिवारी हैं। 3 जनवरी को कलश यात्रा, वेदी पूजन एवं कथा माहात्म्य के साथ आयोजन का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात विभिन्न तिथियों में परीक्षित जन्म, भक्त प्रह्लाद, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, श्रीकृष्ण जन्म, कंस वध, रुक्मणि विवाह, सुदामा चरित्र, भागवत विश्राम, शोभायात्रा, गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा यज्ञ एवं पूर्णाहुति जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। 12 जनवरी को वार्षिक श्राद्ध, भोजन एवं प्रसादी वितरण कार्यक्रम होगा।

## छत्तीसगढ़ बालिका क्रिकेट टीम में वर्षा का चयन

- वर्षा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बालिका क्रिकेट अंडर-19 प्रतियोगिता का आयोजन 2 जनवरी 2026 से शिवपुरी (मध्यप्रदेश) में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बालिका क्रिकेट टीम में आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वर्षा सिन्हा (कक्षा 12वीं) का चयन गेंदबाज के रूप में किया गया है। वर्षा सिन्हा विगत 4 वर्षों से निरंतर क्रिकेट अभ्यास कर रही हैं तथा लगातार 3 वर्षों से राज्य स्तरीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी हैं। उन्होंने अंबिकापुर, पेंड्रा एवं रायगढ़ में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगितामें अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। यह वर्षा का राष्ट्रीय स्तर पर पहला चयन है, जो न केवल उनके लिए बल्कि पूरे धमतरी जिले के लिए गर्व का विषय है।

विद्यालय के प्राचार्य बी. मैथ्यु ने बताया कि वर्षा अत्यंत मेहनती, अनुशासित एवं समर्पित खिलाड़ी है। वह गर्मी की छुट्टियों में खेल विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए अपने ग्राम पोटियाडीह से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी नियमित रूप से साइकिल से तय करती थी। उनकी यही लगन और परिश्रम आज राष्ट्रीय स्तर पर चयन का कारण बना है। वर्तमान सत्र में जिले से एकमात्र चयनित बालिका खिलाड़ी वर्षा सिन्हा हैं। वर्षा के क्रिकेट कोच जेपी देव द्वारा लगातार गर्ल्स स्कूल में क्रिकेट प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था से पूर्व में धनलक्ष्मी गोस्वामी, सुभाषिनी निषाद, रामिनी यादव, गीतांजलि यादव, ज्योति रजक, कीर्ति निषाद, हेमा मंडावी एवं तनिशा ध्रुव राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

## सर्दी में हरी सब्जियों की बहार लेकिन महंगाई ने बिगाड़ा स्वाद

**इतवारी बाजार अपडेट**

- बरबटी, भिंडी, ग्वारफली, कटहल 80 रुपये किलो बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ठंड के मौसम में जिले के बाजार हरी-ताजी सब्जियों से भर गए हैं। मटर, फूलगोभी, पत्तागोभी, पालक, गाजर, टमाटर सहित अन्य सब्जियों की आवक बढ़ी है, जिससे मंडियों में रौनक नजर आ रही है। हालांकि ताजगी और गुणवत्ता बेहतर होने के बावजूद महंगे दाम ने आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। खुदरा बाजार में सब्जियों के भाव सामान्य से अधिक बने हुए हैं, जिससे रसोई का बजट प्रभावित हो रहा है।

सब्जी व्यापारियों का कहना है कि परिवहन खर्च बढ़ने और स्थानीय स्तर पर सीमित आपूर्ति के कारण कीमतों में नरमी नहीं आ पा रही है। विक्रेताओं के अनुसार धमतरी और आसपास के बड़े फार्म हाउस के उत्पादक किसान अपनी सब्जियां छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और कर्नाटक जैसे राज्यों में भेज रहे हैं। इससे स्थानीय बाजार में कमी की स्थिति बन रही है।

सब्जी विक्रेता मोहन पटेल और चंदू पटेल ने बताया कि रविवार को भटा 30, गाजर 30, करेला 80, भिंडी 80, ग्वारफली 80, टमाटर 50, गोभी 50, मुनगा 200, हरी मिर्च 100, पत्तागोभी 30, लौकी 20 और मटर 30 रुपये प्रति किलो के भाव से बिकी। किराना व्यापारी विजय कोटवानी के अनुसार आलू 20, प्याज 30, शक्कर 43, गुड 55, लहसुन 150, रिफाइंड तेल 120, अरहर दाल 130, मूंग दाल 100 और मसूर दाल 80 रुपये प्रति किलो बिकी। अंडे का भाव इस सप्ताह 90 रुपये दर्जन रहा। उपभोक्ताओं को उम्मीद है कि आवक बढ़ने पर जल्द ही दामों में राहत मिलेगी।

### बाल मेला से छात्रों में स्वावलंबन का गुण आया

**कुरूद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परखंदा में वर्ष 2026 के प्रथम दिवस बाल मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का अद्भुत मिश्रण आनंद उत्सव धूमधाम से मनाया गया। एक ओर जहां विद्यार्थियों के लजीज पकवान ने जन समुदाय को स्वाद से भर दिया तो दूसरी ओर लोकप्रयाग राजिम नयापारा के कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति में जन सैलाब को झकझोर कर रख दिया। बाल मेला से कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों में स्वावलंबन का गुण जागृत हुआ एवं न केवल टीम भावना का विकास हुआ अपितु आत्मविश्वास भी देखते ही बना। भीड़ ने ऐसा उत्साहवर्धन किया कि प्रारंभ मेला के शाम होते-होते सारे पकवान समाप्त हो गए। दूसरी ओर संस्था के बड़े बाबू राजेश साहू कृत लोक प्रयांग राजम नवापारा के कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति के विभिन्न पर्वों का संगीतमय निरूपण आकर्षक एवं प्रेरणाप्रद रहा।

## पूर्व विद्यार्थियों ने पुरानी यादें साझा की स्मार्ट क्लास व स्मार्ट लैब का लोकार्पण

- सिर्री हाईस्कूल में हुआ गुरु-शिष्य महासम्मेलन
- छात्र-छात्राओं, गुरुजनों को स्मरण स्वरूप 1000 पौधे वितरित किए गए





**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिर्री में हमर स्कूल हमर अभिमान के तहत गुरु शिष्य स्नेह महासम्मेलन का आयोजन हुआ। स्कूल में शिक्षा का स्तर बढ़ाने ले किए स्मार्ट लैब और स्मार्ट क्लास बनाई गई है जिसका लोकार्पण पूर्व छात्र-छात्राओं एवं गुरुजनों ने किया। इस ऐतिहासिक पल में सभी भावविभोर दिखाई दिए। सन 1962 से लेकर सन 2025 तक के सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं गुरुजनों का महासंगम देखा गया। सैकड़ों पूर्व विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था। इस सम्मेलन में किसान, व्यापारी, कर्मचारी, अधिकारी जैसे पदों में सेवा दे रहे पूर्व छात्र पहुंचे थे। साथ ही बुजुर्ग हो चुके पूर्व विद्यार्थी एवं गुरुजन भी शामिल हुए। इस दौरान हाईस्कूल के 63 साल के सभी बैच के सैकड़ों विद्यार्थी और गुरुजनों को अभिनंदन पत्र, मेडल, मोमेंटो, शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक बैच के एक पूर्व छात्र को अपने पढ़ाई सत्र की यादें ताजा करने का मौका दिया गया। उन्होंने चुनिंदा किस्से को साझा किया। इस बीच स्कूल के फाउंडर्स को याद किया गया। पत्रकार पामेश देवांगन, श्रवण साहू, रूपेश साहू, रामनाथ शर्मा का भी सम्मान किया गया। मंच संचालन सितेश्वर सिन्हा, थानेश्वर तारक, रामेश्वर साहू शिक्षक बकली, सुरेश सार्वा, रोहित निर्मलकर ने किया। कार्यक्रम में एक हजार पौधे लाए गए थे जिसे पूर्व छात्रों और गुरुजनों को स्मरण स्वरूप भेंट किया गया।

## कथावाचक गिरी बापू ने बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथावाचक श्री गिरी बापू का रायपुर से सिहावा जाते समय धमतरी आगमन हुआ। उनके आगमन की सूचना मिलते ही नगर में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया। इस दौरान श्री गिरी बापू ने इतवारी बाजार स्थित प्राचीन बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजन-अर्चन किया। उन्होंने नगर, प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर मंदिर समिति के सचिव निलेश लुनिया, कोषाध्यक्ष मुकेश सुखवानी सहित ट्रस्टीगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। श्री गिरी बापू ने मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का अवलोकन कर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि प्राचीन मंदिरों का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक धरोहर के लिए आवश्यक है। इसके बाद वे सिहावा के लिए रवाना हुए।

### छेरछेरा मांगने घर-घर पहुंचे बच्चे

**कुरुद।** छेरछेरा पर्व के अवसर पर बच्चे टोलियों में घर-घर जाकर छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेर हेरा का जयघोष करते नजर आए। यह छत्तीसगढ़ का प्रमुख लोक पर्व है, जो पौष मास की पूर्णिमा को नई फसल के आने की खुशी में मनाया जाता है। शनिवार को सुबह से ही बच्चे व विभिन्न मण्डली बाजे-गाजे के साथ निकले।

**कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अभिनव पहल से श्री अन्न को मिलेगा नया मंच**

# जिले में पहली बार होगा मिलेट्स महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





जिले में पोषण सुरक्षा, किसान समृद्धि एवं सतत कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा पहली बार मिलेट्स महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की विशेष पहल पर यह आयोजन 5 जनवरी को प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगा।

इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों एवं आम नागरिकों को मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती, पोषण मूल्य, स्वास्थ्य लाभ एवं विपणन संभावनाओं से व्यापक रूप से अवगत कराना है। यह आयोजन जिले को स्वस्थ समाज और आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में एक नई पहचान दिलाने की ओर अग्रसर करेगा। महोत्सव के दौरान जिले में उत्पादित कोदो, कुटकी, रागी सहित विभिन्न प्रकार के मिलेट्स एवं उनसे तैयार पोषक, स्वादिष्ट और पारंपरिक व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। नागरिक इन व्यंजनों का स्वाद लेकर मिलेट्स आधारित खानपान को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

इस अवसर पर विशेष रूप से पद्मश्री सम्मानित डॉ. खादर वल्ली उपस्थित रहेंगे। वे किसानों एवं नागरिकों को मिलेट्स के नियमित सेवन से होने वाले स्वास्थ्य लाभ, जीवनशैली में इसके महत्व, मधुमेह, हृदय रोग एवं पाचन संबंधी समस्याओं में इसकी भूमिका तथा वैज्ञानिक खेती एवं विपणन के अवसरों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

उल्लेखनीय है कि मिलेट्स में प्रचुर मात्रा में फाइबर, आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन एवं आवश्यक खनिज तत्व पाए जाते हैं। यह फसल कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली, जलवायु अनुकूल एवं पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, जिससे किसानों की लागत घटने के साथ उनकी आय में वृद्धि की संभावनाएं भी बढ़ती हैं।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के कृषकों, महिला समूहों, युवाओं एवं आमजन से इस ऐतिहासिक मिलेट्स महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सहभागिता निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स को जन आंदोलन का रूप देकर ही स्वस्थ समाज, समृद्ध किसान और सशक्त जिले की संकल्पना को साकार किया जा सकता है।

### नपा उपाध्यक्ष देवव्रत ने किया अन्नदान

**कुरुद।** शनिवार को पूरे अंचल में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक अन्नदान का महापर्व छेरछेरा हर्षोल्लास से मनाया गया। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने घर में दान मांगने पहुंची बच्चों की टोली को अन्नदान कर पर्व की रस्म अदा की। इसी क्रम में नगर पालिका कुरुद के उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने अपने घर में अन्नदान मांगने पहुंचे बच्चों को अन्नदान कर शुभाशीष दिया।

### खेल महोत्सव का प्रमाण-पत्र वितरित

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में सांसद खेल महोत्सव के प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। पचपेड़ी संकुल में आयोजित बालिका खो-खो वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर की बालिका टीम ने प्रथम स्थान अर्जित किया था।

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन जिला शाखा की मासिक बैठक 6 जनवरी को पेंशनर एसोसिएशन भवन में आयोजित की गई है। बैठक में पेंशनरों के जन्मदिन एवं नये सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। नववर्ष मिलन समारोह मनाया जाएगा। अध्यक्ष वीरेंद्र नाग एवं सचिव मोतीलाल हिरवानी ने पेंशनरों एवं परिवारिक पेंशनरों से उपस्थित होने का आग्रह किया है। रामस्वरूप साहू जुटे हैं।

### भालुओं की आमद से तारसगांव में दहशत

**कांकेर।** विकासखण्ड चारामा अंतर्गत ग्राम तारसगांव में दिन दहाड़े दो भालू दिखाई देने से ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ है। मौके पर मौजूद लोगो ने भालू को देखकर उसकी तस्वीर कैमरे में कैद करने के लिए जुट गए। देखते ही देखते लोगो का भीड़ इकठठा हो गया। भालू के आसपास मवेशी होने के कारण ग्रामीणों ने मवेशी की सुरक्षा के लिए बचाने का भी प्रयास किया। बार बार भालू के रहवासी इलाके में आने से ग्रामीण भयभीत रहते है व परेशान है।

### युवक ने लगाई फांसी कारण अज्ञात

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत सरोना नर्सरी के पीछे बड़ेपारा मुड़पार निवासी 22 वर्षीय होतेकांत पटेल ने 3 जनवरी को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। राजकुमार पटेल पिता उमराव पटेल ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते नर्सरी में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चारामा ट्रैफिक सिग्नल पर हाईवा की ठोकर से खड़ी कार क्षतिग्रस्त

**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के चारामा क्षेत्र में हाईवा ट्रक के चालक ने लापरवाही बरतते हुए ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ी कार को पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार में बैठे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार चारामा थाना में शिकायत करने पहुँचे सिंगारभाट निवासी 25 वर्षीय सागर देवनाथ ने पुलिस को बताया कि मैं इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी शोरूम का संचालक हूँ और मैं 3 जनवरी को दोपहर करीब ढाई बजे अपनी कार क्रमांक सीजी 19 बीयू 3629 में रायपुर शो रूम के काम से जा रहे थे। कार में उनके बगल में डिकेश कश्यप बैठे थे। कोरर चौक चारामा के पास रेड सिग्नल पर कार रुक गई, तभी पीछे से पीला रंग के हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 07 बीई 9960 ने तेज गति और लापरवाही से उनकी कार के पीछे बांया साइड में टक्कर मार दिया। इस टक्कर के बाद सागर की कार ने आगे खड़ी डस्टर कार क्रमांक सीजी 09 जेबी 6400 को टक्कर मार दिया।

हिंदू सम्मेलन : स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा में समर्पित-भूनेश्वर

# हिंदुत्व कोई संकीर्ण अवधारणा नहीं, बल्कि एक व्यापक जीवनदृष्टि है : गौरव







हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मराठापारा बस्ती नगर का हिंदू सम्मेलन छत्रपति शिवाजी मराठा मंगल भवन में गरिमा, अनुशासन और सामाजिक समरसता के वातावरण में हुआ। संस्कृति सबकी एक, चिरंतन रग-रग में हिंदुत्व के मूल मंत्र के साथ आयोजित इस सम्मेलन में नगर सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं एवं मातृशक्ति ने सहभागिता की। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक चेतना जागृत करना एवं राष्ट्रीय मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध भागवताचार्य गौरव शर्मा ने कहा कि हिंदुत्व कोई संकीर्ण अवधारणा नहीं, बल्कि एक व्यापक जीवन दृष्टि है। यह संस्कार, करुणा और कर्तव्यबोध के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य करता है।

सम्मेलन की अध्यक्षता समाजसेवी श्रीमती प्रगति पवार ने की। उन्होंने पंच परिवर्तन विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य इन पांच बिंदुओं को अपनाकर समाज की अनेक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, भारतीय कुटुंब परंपरा को सहेजने तथा स्व आधारित जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समाजसेवी भुनेश्वर साहू ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष केवल एक संगठन की यात्रा नहीं, बल्कि भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की प्रेरणादायी गाथा है। संघ की स्थापना के बाद से ही उसका लक्ष्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण रहा है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक संघ ने आपदा राहत, सामाजिक समरसता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, ग्राम विकास एवं महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। स्वयंसेवकों को अनुशासन, त्याग और राष्ट्रभक्ति की शिक्षा देकर समाज को संगठित करने का कार्य किया गया। श्री साहू ने कहा कि संघ की सबसे बड़ी शक्ति उसका स्वयंसेवक है, जो निःस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र सेवा में निरंतर सक्रिय है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया। मंचीय कार्यक्रम के पूर्व बालिकाओं श्रीविद्या देवांगन और सोनम निर्मलकर ने सर पर हिमालय का छत्र है, चरणों में नदिया एकत्र है गीत पर युगल नृत्य प्रस्तुत किया।

योगेश साहू ने संघ गीत प्रस्तुत कर वातावरण को ओजस्वी बनाया, वहीं सूर्यांश रणसिंह ने राम भजन प्रस्तुत कर पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। मंच संचालन प्रतीक्षा बाबर एचं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ नागरिक विनोदराव रणसिंह ने किया। कार्यक्रम में रामलखन गजेंद्र, प्रतापराव कृदत्त, शिवाजी साहू, कैलाश भोसले, राजकुमार पटेल, शिरोमणिराव घोरपड़े, ऋषिकांत सिन्हा, राघवेंद्र राव रणसिंह, पवन कौशिक, सुनील घाटगे, दीपक नामदेव, निलेश राजा, रामजी जगताप, भूपेंद्र मिश्रा, कृपाशंकर मिश्रा, अशोक कावड़े, अभिषेक जगताप, प्रकाश पवार, दिनेश पटवा, उमेशसिंह बशिस्ट, ममता बाबर, ज्योति रणसिंह, सरला रणसिंह, दुर्गा रणसिंह, अनीता अग्रवाल, चेतना रणसिंह, स्नेहलता जायसवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# गरिमामय माहौल में अधिवक्ताओं ने ली शपथ




■ प्रधान न्यायाधीश रामकुमार तिवारी ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शनिवार को जिला सत्र न्यायालय पसिर में जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को प्रधान न्यायाधीश रामकुमार तिवारी ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष सहित आठ पदाधिकारी एवं सात कार्यकारिणी सदस्यों ने हाथ उठाकर शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामकुमार तिवारी थे। अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता एलपी गोस्वामी ने की। विशिष्ट अतिथि जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष बीके सिन्हा तथा वर्तमान अध्यक्ष नीरजधर तिवारी थे। शपथ लेने वालों में संघ के अध्यक्ष नीरजधर तिवारी, उपाध्यक्ष सचिन जाचक, कोषाध्यक्ष संजय शुक्ला, सचिव भीखमलाल सिन्हा, सहसचिव तल्लीनपुरी गोस्वामी, क्रीड़ा सचिव पीयूष देवांगन, ग्रंथपाल चुनकेश्वर नागेन्द्र, महिला उपाध्यक्ष जानकी तिवारी तथा कार्यकारिणी सदस्यों में दिव्यांशु साहू, जयप्रकाश झा, त्रिभुवन ध्रुवे, दीक्षा दीवान, विनोद सिंह राजपूत, कोमल थवाइत, कपिल चालकी ने शपथ ली।

इस मौके पर जिला अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती उषा गेंदले, जिला प्रथम न्यायाधीश मोहन सिंह कोर्राम, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अर्चना भास्कर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती नमिता प्रभात मिंज, न्यायाधीश प्रथम वर्ग सुश्री मीनू नंद, न्यायाधीश प्रथम वर्ग प्रणव वैद्य, कुरूद अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश पांडे, नगरी अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारी एवं अधिवक्ता उपस्थित थे।

एक सप्ताह से पानी को तरस रहे लोग

# मोटर खराबी से कोष्टापारा ब्राम्हण वार्ड में पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कोष्टापारा वार्ड और ब्राम्हण वार्ड की सीमा पर स्थित पानी सप्लाई की मोटर खराब हो जाने से क्षेत्र में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। मोटर को मरम्मत के लिए नगर निगम के कर्मचारी ले गए हैं, लेकिन अब तक इसे दुरुस्त नहीं किया जा सका है। इस कारण वार्डवासी पिछले एक सप्ताह से पीने के पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं।

स्थानीय नागरिक देवकी साहू, उमा निर्मलकर, साहिना परवीन, कमल नारायण, संतोष, सुशीला निर्मलकर, परमिला पदवार, चंदा यादव, रीना निर्मलकर ने बताया कि वार्ड के सुलभ शौचालय के ऊपर लगी पानी टंकी भी टूट चुकी है, जिससे पानी लगातार व्यर्थ बह रहा है। पानी की कमी के चलते शौचालय में गंदगी फैल गई थी, जिसकी सफाई नगर निगम के पानी टैंकर से लगभग एक सप्ताह बाद कराई गई।

नागरिकों का कहना है कि गंदगी और जल संकट के कारण क्षेत्र में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। ब्राम्हणपारा वार्ड के पूर्व पार्षद राजेश पांडेय ने बताया कि लंबे समय से नियमित साफ-सफाई नहीं हो रही है। यदि समय पर सफाई और जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तो वार्डवासियों को राहत मिल सकती है।

ब्राम्हणपारा वार्ड के पार्षद कोमल सार्वा ने कहा कि मोटर पंप की मरम्मत के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम के जल विभाग को समस्या से अवगत करा दिया गया है और इंजीनियरों ने जल्द मरम्मत का आश्वासन दिया है।

कोष्टापारा वार्ड के पार्षद संतोष सोनकर ने बताया कि जैसे ही पेयजल संकट की शिकायत मिली, तत्काल नगर निगम को सूचना दी गई। निगम के कर्मचारी मोटर पंप को मरम्मत के लिए ले गए हैं और शीघ्र ही जलापूर्ति बहाल की जाएगी। शौचालय के ऊपर टूटी पानी टंकी के स्थान पर नई टंकी लगाने का प्रस्ताव भी निगम में भेज दिया गया है।

# सिहावा चौक में चाकू चलाने वाला गिरफ्तार

■ घटना के बाद झाड़ियों में छिपा रखा था बटंची चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



लेनदेन विवाद के चलते चाकूबाजी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से धारदार बटंची चाकू भी बरामद किया गया है। उधर चाकूबाजी से गंभीर रूप से घायल युवक की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। घटना 2 जनवरी की रात की है। सिहावा चौक, हिंदू अनाथालय के समीप विकास मानिकपुरी, मनीष सिन्हा एवं रोहन ठाकुर बैठे हुए थे। उसी दौरान मोहल्ले का साहिल खत्री वहां पहुंचा। पूर्व में हुए रुपयों के लेनदेन को लेकर मनीष सिन्हा से उसका विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी साहिल खत्री ने आपा खोते हुए अपने पास रखे धारदार चाकू से मनीष सिन्हा के पेट एवं पीठ पर प्राणघातक वार कर दिया। इस घटना में मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पेट से आंत तक बाहर आ गई तथा गंभीर रक्तस्राव होने लगा। बीच-बचाव करने पर विकास मानिकपुरी के हाथ में भी चोट आई। घायलों को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना पर थाना सिटी कोतवाली धमतरी ने अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित जांच प्रारंभ कर दी। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एवं सामग्री जब्त की गई। आरोपी की पतासाजी कर उसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जहां उसने अपराध स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त चाकू को सिहावा चौक स्टेशन पारा क्षेत्र की झाड़ियों में छिपाने की जानकारी दी। आरोपी की निशानदेही पर पर पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में धारदार बटन स्प्रिंग चाकू विधिवत जप्त किया। धारदार हथियार रखने और प्राणघातक हमला करने के आरोप पर साहिल के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### शराब सेवन करते पकड़ाया आरोपी

*कांकेर।* थाना कांकेर अंतर्गत सार्वजनित स्थल पर शराब पीने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरंगपाल निवासी तामेश्वर देवांगन 3 जनवरी को कार सेलुन के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## मगरलोड में डीजे डांस 10 को

**मगरलोड।** मॉर्निंग क्रिकेट लवर्स मगरलोड भैंसमुंडी के तत्वावधान में नववर्ष के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता 10 जनवरी शनिवार को रखी गई है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 31000 रूपये, द्वितीय 15000 रूपये, तृतीय 8000 रूपये, चतुर्थ 6000 रूपये, पंचम 5000 रूपये, छठवां 3000 रूपये, सातवां 2500 रूपये, आठवां 2000 रूपये, नौवां 1500 रूपये एवं दसवां पुरस्कार 1000 रूपये रखा गया है। इसी प्रकार युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 6000 रूपये, द्वितीय 4000 रूपये, तृतीय 2500 रूपये, चतुर्थ 2000 रूपये एवं पांचवां पुरस्कार 1500 रूपये है। एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 4000 रूपये, द्वितीय 3000 रूपये, तृतीय 2000 रूपये, चतुर्थ 1500 रूपये एवं पांचवा पुरस्कार 1000 रूपये रखा गया है। प्रवेश शुल्क सामूहिक नृत्य में 500 रूपये, युगल नृत्य में 300 रूपये एवं एकल नृत्य में 200 रूपये रखा गया है। प्रतिभागी वेदप्रकाश निर्मलकर, ओंकार साहू से संपर्क कर सकते हैं।

### बच्चों ने किया न्योता भोज

**जीजामगांव।** नए साल के अवसर पर ग्राम पंचायत जरवायडीह की सरपंच श्रीमती ढलेश्वरी चंदू पाल द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला जरवायडीह में न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को खीर-पूड़ी खिलाई गई।

### अंग्रेजी शराब बेचते पकड़ाया ग्रामीण

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बांसला निवासी झन्नुराम कोरेटी के कब्जे से पुलिस ने अंग्रेजी शराब को जप्त कर कार्यवाही किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी झन्नुराम कोरेटी 3 जनवरी को अंग्रेजी शराब बीयर का अवैध रूप से बिक्री करते हुए पाया गया। वही 4 जनवरी को आरोपी नयापारा भानुप्रतापपुर निवासी 45 वर्षीय रूपराम मेड़िया पिता सोनसाय मेड़िया के कब्जे से पानी बॉटल में भरी हुई 8 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 1 हजार 200 रूपएं को जप्त किया गया। दोनो आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।













